Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-05-2007

Participants : Gehlot Shri Thawar Chand

an>

Title: Need to start 11th and 12th classes in Kendriya Vidyalaya Shajapur, Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर):महोदय, मध्य प्रदेश के शाजापुर जिला मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय कक्षा दसवीं तक चल रहा है। यहां छात्रों की संख्या अधिक होकर पढ़ाई भी अच्छी चल रही है। यहां कक्षा 11वीं और 12वीं इसी सत्र से प्रारम्भ करने की आवश्यकता है। सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही इस विद्यालय के लिए स्वयं के भवन की भी महती आवश्यकता है। भवन हेतु भूमि आरक्षित की जा चुकी है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि शाजापुर, मध्य प्रदेश के केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं इसी सत्र से प्रारम्भ की जाए एवं स्थायी भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए।